मुख्यमंत्री का कार्यालय

(जनसंपर्क कोषांग)

बिहार सरकार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-547

**05/12/2022**

# मुख्यमंत्री ने श्री अभिषेक कुमार को 65वें नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी

पटना, 05 दिसम्बर 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने कल्याण बिगहा इंडोर शूटिंगरेंज के खिलाड़ी श्री अभिषेक कुमार को तिरूवनंतपुरम में चल रहे 65वें नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप में वधिर पुरूष वर्ग में गोल्ड मेडल जीतने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री अभिषेक कुमार ने 50 मीटर प्रोन (जमीन पर लेटकर निशाना लगाना) वधिर पुरूष वर्ग में गोल्ड मेडल हासिल किया है। उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत, जुनून और दृढ़ संकल्प से सफलता हासिल की है। मुख्यमंत्री ने कामना की है कि वे निरंतर प्रगति के शीर्ष पर पहुँचें और देश का नाम रौशन करते रहें।

******